प्रेस नोट

जनपद भदोही

दिनांक: 09/09/2026

थाना कोईरौना पुलिस को मिली बड़ी सफलता, बाइक चोरी की घटना का सफल अनावरण, चोरी की मोटरसाइकिल सहित 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

घटना का संक्षिप्त विवरण:-

आवेदक सुशील चौधरी पुत्र श्री शीवलखन चौधरी निवासी ग्राम इटहरा, थाना कोईरौना, जनपद भदोही द्वारा थाना कोईरौना पर सूचना दी गई कि दिनांक 06/08/2026 की शाम को ग्राम कुड़ीकला से मेरी मोटरसाइकिल हीरो स्पलेण्डर BS 6 चोरी हो गई। इस संबंध में थाना कोईरौना पर मु०अ०सं० 153/26 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई।

गिरफ्तारी का विवरण:-

श्री अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में एवं श्री चमन सिंह चावडा क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुरआज दिनांक 09/09/2026 को पुलिस टीम द्वारा कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण हेतु चौकी कटरा क्षेत्र के अंतर्गत देखभाल क्षेत्र व वाहन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि उक्त चोरी की घटना से संबंधित अभियुक्त चोरी की मोटरसाइकिल के साथ क्षेत्र में मौजूद हैं। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दो शातिर अभियुक्तों को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता:-

1.पवन यादव पुत्र स्व० विजय यादव, निवासी: ग्राम कुड़ीकला, थाना कोईरौना, जनपद भदोही उम्र करीब 22 वर्ष।

2.सुनील कुमार सरोज पुत्र लल्लन राम, निवासी: ग्राम कुड़ीकला, थाना कोईरौना, जनपद भदोही उम्र करीब 21 वर्ष।

बरामदगी का विवरण:-

वादी मुकदमा की चोरी की गई एक अदद मोटरसाइकिल हीरो स्पलेण्डर BS 6 (रंग- स्लेटी/काला), संबंधित मु०अ०सं० 153/26 धारा 303(2) बीएनएस व बढ़ोतरी धारा 317(2) बीएनएस।

पूछताछ का विवरण:-

गिरफ्तार अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने ग्राम कुड़ीकला से मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की अभियुक्तों ने बताया कि वे इस मोटरसाइकिल का उपयोग आर्थिक लाभ कमाने और आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के उद्देश्य से नंबर प्लेट बदलकर या छुपाकर करने वाले थे।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

उ०नि० काशीनाथ यादव चौकी प्रभारी कटरा, उ०नि० कप्तान सिंह, हे०का० विकास सिंह, रि०का० मनीष सिंह, रि०का० योगेश यादव थाना कोइरौना जनपद भदोही।